# सीएम तीन माह में फुटवियर क्लस्टर की बुनियाद रखेंगे

राज्य मुख्यालय | प्रमुख संवाददाता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कानपुर के रमईपुर में स्थापित होने वाले मेगा लेदर फुटवियर एंड एक्सेसरी क्लस्टर का शिलान्यास तीन माह के अंदर करेंगे। औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महान ने अधिकारियों को सभी जरूरी औपचारिकताएं 15 जून तक पूरा करने का निर्देश दिया है।

औद्योगिक विकास मंत्री ने बुधवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय में मेगा लेदर क्लस्टर स्थापना से संबंधित कामों की समीक्षा के दौरान कहा कि



सतीश महाना, औद्योगिक विकास मंत्री

उद्यमियों की सुविधा के लिए क्लस्टर के अंतर्गत आने वाली सड़कों को एक लेन से दो लेन किया जाए। पानी के निकासी की समुचित व्यवस्था की जाए। क्लस्टर के लिए यूपीसीडा द्वारा भूमि उपलब्ध कराई जा रही है। इस भूमि को लेने के संबंध में शासनादेश हो चुका है।